भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1384
जिसका उत्तर मंगलवार, 03 मई, 2016 को दिया जाना है।

इलेक्ट्रिक कारों का विनिर्माण

1384. श्री ओम बिरला:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नई योजना शुरू करने का है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) इलेक्ट्रिक कारों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए क्या वित्तीय प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव है;
(ग) देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन करने वाली कंपनियों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का मेक इन इंडिया अभियान के अंतर्गत विकास को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक कार विनिर्माताओं से संपर्क करने का विचार है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) से (ङ): सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 01.04.2015 से 02 वर्षों की अवधि के लिए पहले से ही नई योजना की शुरुआत कर चुकी है, जो आम तौर से, भारत में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण -फेम इंडिया के नाम से जानी जाती है। मांग प्रोत्साहन की राशि के संबंध में वाहनों का सेगमेंटवार ब्यौरा भारी उद्योग विभाग की वेबसाइट [www.dhi.nic.in => Automotive Industry => Faster Adoption and Manufacturing of (Hybrid &) Electric Vehicles India (Fame India) =>Scheme for Faster Adoption and Manufacturing of (Hybrid &) Electric Vehicles in India - Fame India – Reg. (Gazette notification)। भारी उद्योग विभाग के साथ विभिन्न विनिर्माताओं द्वारा किए गए पंजीकरण के अनुसार, देश में निम्नलिखित कंपनियां इलेक्ट्रिक और/या हाइब्रिड वाहनों का विनिर्माण कर रही हैं।

i. महिन्द्रा रीवा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्रा. लिमिटेड
ii. इलेक्ट्रोथर्म (इंडिया) लिमिटेड
iii. मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड
iv. हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्रा. लिमिटेड
v. टोयोटा किरलोसकर मोटर प्रा. लिमिटेड
vi. लोहिया ऑटो इंडस्ट्रीज
vii. एम्पेयर व्हीकल्स प्रा. लिमिटेड
viii. एवन साइकिल्स लिमिटेड
ix. क्रिस मोटर्स
x. अजन्ता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड

****